सार-समाचार

बाड़ी माता फिल्म का ट्रेलर रिलीज

बिजयनगर,(निसं)। क्षेत्र प्रमुख शक्तिपीठ बाड़ी माता मन्दिर परिसर में फिल्म निर्माता निर्देशक कृष्ण कन्हैया पाराशर के निर्देशन में निर्मित फिल्म जगत जननी , बाड़ी माता फिल्म के ट्रेलर का शुक्रवार को प्रदर्शन कर रिलीज किया गया। निर्माता निर्देशक कृष्णा कन्हैया पाराशर ने बताया कि बाड़ी माता भक्त मण्डली के सहयोग से जगत जननी बाड़ी माता फिल्म का निर्माण किया गया है। करीब एक घन्टे की फिल्म मे सहयोगी कलाकारों के साथ बाड़ी माता के मन्दिर मे वर्ष पर्यन्त होने वाले धार्मिक आयोजनो के साथ जगत जननी बाडी माता माता मे जन-जन की आस्था के साथ श्रद्धालुओ के अनुभव आर्शवाद के रूप में दिखने वाले चमत्कारों का फिल्मांकन किया गया है । फिल्म में बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा गोमाता की सेवार्थ संचालित गौशाला सहित अन्य प्रकल्पों का फिल्मांकंन शानदार तरीके से किया गया है। बाड़ी माता मन्दिर की प्रमुख ट्रस्टी कृष्णा टाक ने ट्रेलर रिलीज के अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि फिल्म को शीघ्र ही रिलीज करने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में गुरु माता सावित्री देवी, बाड़ी के पूर्व सरपंच रामचन्द्र व्यास, सम्पत लाल, वात्सल्य स्कूल के निदेशक विजय अरोड़ा, भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, सुरेन्द्र सिंह भाटी सहित जनप्रतिनिधि क्षेत्र के धर्मावलम्बी उपस्थित थे। सैकड़ो वर्ष पुराने प्रमुख शक्ति पीठ बाड़ी माता का मन्दिर मे आस पास के क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते हैं ।

नौ दिवसीय प्रभात फेरी धूमधाम से संपन्न

अजमेर । प्रेम प्रकाश आश्रम सूरत गुजरात के सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री के नेतृत्व में वैशाली नगर अजमेर के प्रेम प्रकाश आश्रम 9 दिवसीय प्रभात फेरी का समापन शनिवार को सत्संग प्रवचनो के साथ हुआ। आश्रम के सन्त स्वामी जस महाराज ने बताया है कि प्रेम प्रकाश आश्रम वैशाली नगर में 9 दिवसीय प्रभात फेरी कार्यक्रम प्रतिदिन प्रात: 5:30 से 7:30 बजे तक आयोजन किया जाता रहा। उन्होंने बताया कि प्रभात फेरी संकीर्तन भजनों गीतों के साथ नाचते गाते हुए आश्रम परिसर से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए पुन: 7:30 बजे प्रेम प्रकाश आश्रम परिसर में पहुंची। सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री, सन्त स्वामी रामप्रकाश, संत स्वामी नारायणलाल, संत स्वामी जस महाराज और अन्य सन्तो महात्माओ के नेतृत्व में धार्मिक आयोजन हुए। अमरापुर के सुन्दर श्याम सतगुरू स्वामी टेउंराम के भजनों सहित अन्य भजनो से प्रभात फेरी में नाचते हुए बड़ी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु सम्मलित होते।

उधमी उमेश गोयल सदस्य मनोनीत,

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम मजदूरी सलाहकार मण्डल का गठन कर नियोजक प्रतिनिधि के तौर पर लघु उद्योग भारती अध्यक्ष उमेश गोयल को बतौर सदस्य मनोनीत किया है। राजस्थान सलाहकार बोर्ड की भूमिका न्यूनतम मजदूरी तय करने एवं संशोधित करने पर सरकार को सलाह देने के साथ समितियों व उप-समितियों के काम का समन्वय करना है। उमेश गोयल ने राजस्थान सलाहकार मण्डल के गठन में किशनगढ़ को प्रतिनिधित्व देने पर राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

पशु प्रर्दशनी का अवलोकन किया

अजमेर(कासं)। अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने पुष्कर मेले में आयोजित पशु प्रर्दशनी का पूर्णिमा के अवसर पर अवलोकन किया। इस दौरान देश के सबसे महंगे भैंसे अनमोल की जानकारी उसके मालिक से ली। इस भैंसे की विशेषता है कि इसकी मां 25 लीटर प्रतिदिन दूध देती है। इसकी बछडियों के 22 लीटर दूध प्रतिदिन हो रहा है। डेयरी अध्यक्ष चौधरी ने अजमेर जिले के पशुपालको के हितो के लिए सीमन डोज लेने के लिए भैंसे के मालिक से चर्चा की। मालिक ने आश्वस्त किया है कि 150 रुपए प्रति यूनिट सीमन उपलब्ध करवाया जाएगा। चौधरी ने बताया कि संघ के संचालक मंडल की सब कमेटी भैंसे मालिक के गांव जाकर जानकारी जुटाएगी। तथ्यात्मक जानकारी होने र आगामी संचालक मंडल की बैठक में सीमन डोज खरीदकर जिले में मांग के अनुसार पशुपालकों को डोज उपलब्ध करवाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि गायो में उन्नत नस्ल सुधार हेतु गत एक वर्ष से उतराखण्ड से सेक्स सोर्टेड सीमन मंगवाकर वितरण किया जा रहा है। पूर्व में यह सीमन मेहसाणा डेयरी गुजरात से मंगवाया जा रहा था।

पुष्कर के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू

पुष्कर, (निसं)। बार एसोसिएशन पुष्कर के वार्षिक चुनाव 2024 25 करवाये जाने हेतु बार सभागार में एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाराशर की अध्यक्षता में साधारण सभा आयोजित हुई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय उच्च न्यायालय व बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के निर्देशानुसार बार एसोसिएशन के चुनाव प्रत्येक वर्ष करवाये जाने हेतु चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए शनिवार को बार सभागार में साधारण सभा आयोजित की गई जिसमें सदस्य अधिवक्ताओं को वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करवाये जाने के लिए 30 नवम्बर तक का समय नियत किया गया। जिन सदस्यों ने बार कौंसिल में प्रेक्टिस ऑफ रिनिवल अभी तक नहीं करवाया गया है उनको भी नवीनीकरण करवाये जाने के लिए सूचित किया गया। चुनाव सम्पन्न करवाये जाने के लिए सर्वसम्मति से चुनाव समिति गठित की गई। चुनाव अधिकारी जगदीश चौधरी, सहायक चुनाव अधिकारी पुरूषोत्तम जाखेटिया व कमलचन्द शर्मा को नियुक्त किया गया। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होंगे। साधारण सभा में सचिव फिरोज मौहम्मद, उपाध्यक्ष मुकेश सुनारीवाल, पुरूषोत्तम जाखेटिया, एसके पाराशर, एसके चौधरी, कमलचन्द शर्मा, पुष्करनारायण पाराशर, अर्जुन सिंह राठौड़, सन्दीप पाराशर, सरफुद्दीन, जगदीश चौधरी, गोविन्द महर्षि, चन्द्रमोलेश्वर पाराशर, विशाल पाराशर, नोरतमल गुरावा, सुरेन्द्र परसोया, राजेश चांदावत, राजेश उदय, महेशचंद उदय, विशाल राजगुरू, कृष्णकांत दाधीच सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन

नसीराबाद (निसं.) नगर पालिका में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा और मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ज्योत्सना रंगा ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा उपस्थित थे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अजमेर जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ज्योत्सना रंगा, डिप्टी सीएमएचओ कराडिया, नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव, नसीराबाद पुलिस उपअधीक्षक जरनैल सिंह उपस्थित थे।

शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लिनिक) खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी तथा नगरपालिका क्षेत्र सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए दूर नहीं भागना पड़ेगा।

उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर नसीराबाद भाजपा महामंत्री महेंद्र पथरिया सहित भाजपा नेता संजय यादव और संदीप यादव ने मुख्य सीएमएचओ ज्योत्सना रंग सहित नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा और नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव से नसीराबाद पीएमओ को तुरंत पद से हटाने की मांग की। महेंद्र पथरिया, संजय यादव सहित संदीप यादव ने बताया कि नसीराबाद चिकित्सालय की व्यवस्थाएं बहुत ज्यादा बिगड़ी हुई है और उनके लिए पीएमओ विनय कपूर ही दोषी हैं। वहां लाखों का घपला हो जाता है और पीएमओ आंख पर पट्टी बांधे बैठे हैं, क्योंकि इसमें उनकी भी मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता साथ ही उच्च अधिकारी भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे जिसके कारण उनके हौसले बुलंद हैं।

एक तरह से देखा जाए तो पीएमओ विनय कपूर उच्च अधिकारियों को मैनेज करना जानते हैं और यही इन्होंने इस मामले में किया जब ऑडिट टीम नसीराबाद में जांच कर रही थी और घपला सामने आया तो उसके बावजूद भी इन्हीं के देखरेख में जांच होती रही क्योंकि इन्होंने उच्च अधिकारियों को मैनेज कर लिया और संभव है की जांच प्रभावित हुई होगी, परंतु संयुक्त निदेशक तथा ऑडिट अधिकारी किसी तरह की कोई जानकारी देने को तैयार नहीं बस उन्होंने एक ही जवाब दिया कि हमने रिपोर्ट बनाकर गोपनीय तरीके से निदेशालय में भेज दी है और वहां से जो भी हमें निर्देश मिलेंगे उसे पर कार्यवाही की जाएगी तो यह सब पीएमओ विनय कपूर द्वारा मैनेज करने का तरीका ही नजर आता है।

नसीराबाद की व्यवस्थाओं को लेकर पथरिया ने बताया कि उनका व्यवहार अधीनस्थ कर्मचारियों सहित संविदा कर्मियों से भी उचित नहीं है और वह उन्हें अपशब्द बोलते रहते हैं। शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कार्यक्रम के दौरान जब मुख्य अतिथि के रूप में नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा ने अपना उद्बोधन दिया तो उन्होंने भी नसीराबाद चिकित्सालय में हुए घोटाले का जिक्र किया और पीएमओ से अस्पष्ट शब्दों में कहा कि वे अपनी गलतियां सुधारते हुए कार्य करें, मतलब साफ है कि सभी जनप्रतिनिधियों सहित उच्च अधिकारियों को इस तरह की व्यवस्थाओं और घटनाओं की पूर्ण जानकारी है, परंतु उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं किया जाना संदेह उत्पन्न करता है। तो क्या पीएमओ ने सभी उच्च अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को मैनेज कर लिया या उच्च अधिकारी कोई और रूप में कार्यवाही करेंगे लेकिन आरोपी यूडीसी सहित अन्य घपला करने वाले कर्मचारियों ने पूरा गबन की गई पूरी रकम (लगभग 77 लाख रुपए) जमा करवा दी तो अब पीएमओ सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ कब और कौन कार्यवाही करेगा यह एक प्रश्न चिन्ह सामने आता है। इस संबंध में जब मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ज्योत्सना रंगा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गबन का मामला उनके दायरे में नहीं आता, वह केवल चिकित्सीय व्यवस्थाएं ही देखती हैं तथा इस तरह के सर्वाधिक कार्य संयुक्त निदेशक के पास रहते हैं और वही इस मामले में कार्यवाही कर सकते हैं ।

उनके इस तरह से जवाब देने पर भाजपा महामंत्री महेंद्र पथरिया सहित संजय यादव और संदीप यादव ने नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव, पुलिस उपाधीक्षक जनरल सिंह, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा को भी डॉक्टर विनय कपूर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

जनसुनवाई 19 से

अजमेर, (कासं)।जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा की अध्यक्षता में पंचायत समिति स्तरीय जनसुनवाई एवं लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने बताया कि पंचायत समिति अराई में 19 को, मसूदा में 21 को, भिनाय में 26 को, सरवाड़ में 28 नवंबर को, अजमेर ग्रामीण में 3 दिसंबर को पीसांगन में 16 दिसंबर और श्रीनगर में 18 दिसंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अराई पंचायत समिति के बीडीओ संजय तोषनीवाल ने बताया कि 19 नवम्बर को ग्राम बंथली के राय मोहल्ले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 9.99 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड मय नाली निर्माण के कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंदीय मंत्री भागीरथ चौधरी, जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा, भारतीय खो- खो संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा, विधायक विकास चौधरी सहित जिला परिषद सदस्य शिरकत करेंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी खन्ना ने बताया कि जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा की अध्यक्षता में पंचायत समिति स्तरीय जनसुनवाई एवं पन्द्रहवे वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग के स्वीकृत कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम प्रस्तावित है। जनसुनवाई एवं लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक, प्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच एवं वार्ड पंच मौजूद रहेंगे। पंचायतीराज विभाग सहित पंचायतीराज को हस्तानान्तरित विभाग प्रमुख रूप से शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग, उपलब्ध करवाया जाएगा।

पुष्कर मेला संपन्न

अजमेर, (कासं)।अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेला शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के महास्नान के साथ संपन्न होने जाने के बावजूद भी शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। शनिवार और रविवार के अवकाश को देखते हुए शहरी लोग हजारों की संख्या में कार्तिक पूर्णिमा के महास्नान के दूसरे दिन शनिवार को पुष्कर पहुंचे जहां सरोवर में हजारों श्रद्धालुओं ने मृग छला स्नान किया।

इसी के साथ पुष्कर में बीते 5 दिनों से मौजूद ब्रह्मा जी समेत सभी 33 करोड़ देवी देवता फिर से अंतरिक्ष में लौट गए। कार्तिक पूर्णिमा के महास्नान के दूसरे दिन सरोवर में मृग छला स्नान का विशेष धार्मिक महत्व है। शास्त्रों के अनुसार पुष्कर में ब्रह्मा जी का पांच दिवसीय सृष्टि यज्ञ संपन्न होने के दूसरे दिन मृग की छाल से शुद्धि स्नान कराया गया तथा इस शुद्धि स्नान के बाद ही पुष्कर की पावन धरा में विद्यमान सभी देवी देवता अंतरिक्ष में लौट गए।

तीर्थ पुरोहितों ने श्रद्धालुओं को मृग की छाल से सरोवर के पवित्र जल के छींटे लगा शुद्धि स्नान कराया और सुबह से ही पुष्कर के पवित्र सरोवर के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को । मिली शास्त्रों में कहा जाता है कि धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से शास्त्रों में माघ स्नान का बड़ा महत्व बताया गया है। माघ शीर्ष में प्रात:काल गंगा यमुना आदि पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का क्षय होता है।

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
एसपीएल-2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)
राप्रनिम/क्षेका किश/पीयूबी-398/2317 Date: 08-11-2024

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

विषय:- श्री प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री श्याम सुन्दर शर्मा, खसरा संख्या 3012 खनन पट्टा संख्या 48/2022, निकट ग्राम बुबानिया, तहसील नसीराबाद, जिला अजमेर द्वारा प्रस्तावित क्वार्टज एवं फैल्सपार खनिज क्लस्टर खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई ।

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्वार्टज एवं फैल्सपार खनन क्लस्टर कुल क्षेत्रफल 6.2969 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता- 4,00,608 टीपीए (आर.ओ.एम.) आवेदक श्री प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री श्याम सुन्दर शर्मा द्वारा प्रस्तावित क्वार्टज एवं फैल्सपार खनन परियोजना है जिसका खनन क्षेत्र 1.3120 हैक्टेयर है तथा प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 60,060 टीपीए (आर.ओ.एम.) जो कि खसरा संख्या 3012 खनन पट्टा संख्या 48/2022, निकट ग्राम बुबानिया, तहसील नसीराबाद जिला अजमेर में स्थित है से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकी श्री प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री श्याम सुन्दर शर्मा ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
3. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है:-
1. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर 2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर 3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर 4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला- अजमेर 5. तहसील कार्यालय- नसीराबाद, जिला-अजमेर 6. आई.टी. सेन्टर, नान्दला, तहसील नसीराबाद, जिला अजमेर

अत: सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर के पत्र क्रमांक कअ/ सामान्य/ 2024/ 9421 दिनांक 08.11.2024 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 20/12/2024 को दोपहर 12:30 बजे, स्थान- आई.टी. सेन्टर, नान्दला, तहसील नसीराबाद, जिला अजमेर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है । साथ ही इस संबंध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला- अजमेर में दिये जा सकते है यह आम सूचना वैशिक महामारी कोविड-19 से संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय- समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/ सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी ।

(निधि खण्डेलवाल) वरिष्ठ पर्यावरणीय अभियंता एवं क्षैत्रीय अधिकारी

पुष्कर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

अजमेर, (कासं)। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने आज अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले की व्यवस्था का जायजा लिया और मेले में पशु नस्ल को करीबी से देखा। उन्होंने अश्व और गौवंश नस्ल को देख कर पशु पालक से बातचीत की। बातचीत कर उनके व्यवसाय और मेले के दौरान मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की। पशु पालन विभाग के ज्वॉइन डायरेक्टर डॉक्टर सुनील घीया से मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

इस दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि आज मैने पुष्कर मेला क्षेत्र में पशु नस्ल को देखा और पशुपालकों से बातचीत कर उनसे सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुष्कर मेले में देश विदेश के पर्यटकों और पशुपालकों के लिए राज्य सरकार ने जो व्यवस्थाएं की है, वो फिलहाल ठीक नजर आई है। पुष्कर के ही जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पशु पलको को बेहतर सुविधाएं मिले, उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। राज्यसरकार के मुख्य मंत्री और जल संसाधन मंत्री से मांग करते की आगामी पुष्कर मेले में इससे भी बेहतर सुविधाएं की जाए। उन्होंने कहा कि हमारी कांग्रेस पार्टी राजस्थान के उपचुनाव की सात सीटों में अधिकांश सीटे जीत रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार ने जो जनहित की योजनाओं को लागू किया, उन योजनाओं को वर्तमान भाजपा सरकार बंद कर रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है और अपराधी बेलगाम हो रखे है। चिकित्सा सुविधाओं और पेंशन सहित अन्य जनहित की योजनाओं का जनता को कोई फायदा नहीं मिल रहा है।

भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक सम्पन्न

भीलवाड़ा। भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक सुवालका छात्रावास आजादनगर भीलवाडा में श्रीमती रजनी शक्तावत अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ भीलवाडा की अध्यक्षता में बैठक 2 सत्रो में सम्पन्न हुई।

हरीश सुवालका ने बताया कि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के 100 वर्ष व भारतीय मजदूर संघ के 70वर्ष में प्रवेश के संदर्भ में संगठन द्वारा केन्द्रीय कार्यसमिति के निर्णय अनुसार श्रमिक सम्पर्क अभियान जो कि 1 दिसम्बर 24 से 15 दिसम्बर 24 तक चलेगा । इसकी विस्तृत चर्चा की गई तथा अलग अलग पंचायत समिति स्तर पर टोली का गठन किया गया ताकि प्रत्येक गांव तक के श्रमिको से सम्पर्क हो सके व भारतीय मजदूर संघ के बारे में जानकारी मिल सके व निधी संठाहण कार्यक्रम जो कि 1 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक चलेगा जिसकी भी विस्तृत चर्चा कर योजना बनाई गई । शुरूआत में केन्द्रीय कार्य समिति सदस्य व वरिष्ठ प्रचारक श्रीमान् जयन्ती जी भाई सा. ने भारतीय मजदूर संघ के बारे में बताया व संगठन की रीति नीति से अवगत कराया । तत्पश्चात प्रदेश महामंत्री हरी मोहन शर्मा ने श्रमिक सम्पर्क व निधि संठाहण की विस्तृत चर्चा व योजना बनायी व विस्तार से सभी कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम के बारे में बताया । युवा अभ्यास वर्ग व महिला सम्मेलन के बारे में भी चर्चा की गई व श्रमिक सम्पर्क में श्रमिको के घर तथा कार्यस्थल पर जाकर सम्पर्क करने व इस हेतु भारतीय मजदूर संघ के द्वारा किस प्रकार मजदूरो के हितो में कार्य किये उनकी जानकारी देना। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के प्रांत कार्यवाहक शंकर माली ने पंच परिवर्तन कर अपने विचार रखे तथा संगठन में कार्यकर्ताओ के कर्तव्य व कार्यकर्ता निर्माण हेतु बताया। विधिक सलाहकार प्रदेश वरिष्ठ नेता सुभाष चौधरी ने भी अपने विचार रखे तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा अभिवादन कर बैठक का समापन किया। मंच संचालन जिलामंत्री हरीश सुवालका ने किया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री शिव घारू, शंभु तेली, भैरू बेरवा, दिनेश कोठारी, मानसिंह, सुरज भट्ट, रतन सिंह, कमलेश हाडा, माया प्रजापत, देवेन्द्र वैष्णव, मनभर मीणा, कृष्णा व्यास, मीना भट्ट, हरीश पारीक भैरूलाल सेन, विकास मेवाडा, रामलाल लोधा, गोपाल गुर्जर, कैलाश बलाइ, महेश शर्मा, आशा व्यास, पदमा शर्मा, कन्हैयालाल, सुरेश रेबारी, अनील गोरण अरूण वर्मा, रामनारायण गुर्जर, रामेश्वर खटीक, बद्रीप्रकाश लौहार, सोहन रेगर, मुरलीधर शर्मा, सायर सोनी आदि उपस्थित थे।

ज्ञापन सौंपा

अजमेर, (कासं)। अजमेर प्रेस क्लब ने शनिवार को जिला कलेक्टर लोक बंधू को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने और पत्रकारों की सुरक्षा के निर्देश जारी करने की मांग की गई। ज्ञापन में पिछले दिनों टोंक जिले में कवरेज के दौरान पत्रकार अजीत सिंह शेखावत और कैमरामैन धर्मेन्द्र कुमार के साथ उग्र भीड़ द्वारा मारपीट की घटना बेहद निंदनीय बताया है।अजमेर प्रेस क्लब से जुड़े सभी पत्रकारों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की घटनाओं पर तुरंत और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रेस क्लब के महासचिव नवाब हिदायत उल्ला ने राज्य सरकार से मांग करते हुए प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करने की मांग की है, ताकि सभी पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जा सके। साथ ही पूर्व में जारी गाइड लाइनों के अनुसार पत्रकारों के साथ व्यवहार करने हेतु संबंधित विभागों, पुलिस थानों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करने का आदेश जारी करने की भी मांग की है। अजमेर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज दाधीचने कहा कि कुछ समय पहले ब्यावर में कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ भी इसी प्रकार की घटना घटित हुई थी, लेकिन अभी तक उस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने जिला कलेक्टर से इस प्रकरण में तुरन्त संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की मांग की है।

वो सभी करदाता ध्यान दें !
जो विदेशी आस्ति धारक हैं या विदेशी आय अर्जित कर रहे हैं

कृपया अपनी आयकर विवरणी में विदेशी आस्ति (FA) / विदेशी स्रोतों से आय (FSI) अनुसूची भरें।

निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए विलंबित एवं संशोधित आयकर विवरणी भरने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024

यदि आप
पूर्व वर्ष के दौरान भारत में कर निवासी हैं / विदेशी आस्ति धारक हैं, या / पूर्व वर्ष के दौरान विदेशी आय अर्जित की है

विदेशी आस्ति में शामिल हैं
- विदेशी बैंक खाता
- विदेशी नकद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिकी अनुबंध
- किसी इकाई/व्यापार में वित्तीय हित
- अचल सम्पत्ति
- विदेशी अभिरक्षक खाता
- विदेशी इक्विटी और ऋण
- भारत के बाहर के ट्रस्ट, जिनमें आप ट्रस्टी, लाभार्थी या समझौताकर्ता हैं
- खाते, जिनमें आप हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत हैं
- अन्य कोई पूंजीगत आस्ति
- अन्य कोई विदेशी आस्ति जो धारित की गई है तथा जो अनुसूची एफ. ए. में निर्दिष्ट हैं

कृपया ध्यान दें
भारत में निवासी करदाता को कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान किसी भी समय पर धारित विदेशी आस्ति / आय के लिए FA / FSI अनुसूची भरना अनिवार्य हैं
भले ही, आपकी आय छूट सीमा से कम हैं
भले ही, घोषित स्रोतों से विदेशी आस्ति अर्जित की गई हैं
कृपया सही आयकर विवरणी चुनें (ITR-1 व ITR-4 के अलावा)

CBC 15401/13/0008/2425

कृपया ध्यान दें : आयकर विवरणी में विदेशी आस्ति/आय को ना दर्शाए जाने पर काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और आस्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत 10 लाख रुपए की शास्ति लगायी जा सकती है ।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.incometax.gov.in पर जायें

अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

आयकर विभाग
केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

@IncomeTaxIndia @IncomeTaxIndia.Official @IncomeTaxIndiaOfficial @IncomeTaxIndiaOfficial IncomeTaxIndia.gov.in